## मतदान ही लोकतंत्र राष्ट्र की नींव: जांगड़ा



**महम** | राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संतोष हुड्डा ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण देखा गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा रहे। उन्होंने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान ही लोकतंत्र राष्ट्र की नींव है। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने कहा कि लोकतांत्रिक समाज व शासन स्थापना के लिए सभी नागरिकों का मतदान में भाग लेना जरूरी है।






